संचिका सं0–03/स्था0रा0से0(स्थानांतरण–पदस्थापन)–86/2025–..........................(3)/रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

गोपाल मीणा,
सचिव।

सेवा में,

ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–..........................

विषय :– बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के सामूहिक अवकाश (हड़ताल) के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कार्यरत प्रभारी अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को प्रशिक्षण/सहयोग प्रदान करने के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–515(3)/रा0, दिनांक–09.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में कहना है कि बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के सामूहिक अवकाश (हड़ताल) पर चले जाने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ग्रामीण विकास पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी/प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी का प्रभार दिये जाने का निदेश संसूचित है। राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कार्यरत प्रभारी अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारियों को जिला स्तर से अपेक्षित प्रशिक्षण एवं सहयोग प्रदान किया जाना आवश्यक है। उक्त हेतु निम्नांकित कार्रवाई अपेक्षित है :–

1. जिलों में पदस्थापित सभी वरीय उप समाहर्त्ता को जिलान्तर्गत एक–दो अंचल आवंटित किया जाय, ताकि वे प्रभारी अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को राजस्व कार्य निष्पादन में अपेक्षित मार्गदर्शन/प्रशिक्षण/सहयोग प्रदान कर सके।

2. अंचल में पदस्थापित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को भी उक्त कार्य में अपेक्षित तकनीकी सहयोग हेतु निदेशित किया जाय।

3. सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता अपने क्षेत्राधीन अंचल कार्यालयों का सतत् पर्यवेक्षण करते हुए वहां पदस्थापित अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन हेतु अपेक्षित मार्गदर्शन/प्रशिक्षण/सहयोग प्रदान करेंगे। विभाग द्वारा प्रशिक्षण सामग्री यथा–Manual, PPT, Audio-Video सामग्री का लिंक आपको प्रेषित है।

4. राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के क्रम में उत्पन्न पृच्छा का समाधान/मार्गदर्शन हेतु विभाग स्तर पर– 1. श्री आजीव वत्सराज, अपर सचिव (मो0–9431440401), 2. श्रीमती मोना झा, उप निदेशक (मो0–9430881025), 3. श्री मणि भूषण किशोर, विशेष कार्य पदाधिकारी (मो0

8084246366) एवं 4. श्री आनन्द शंकर, आई0टी0 मैनेजर (मो0 9031670948) से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में अपने स्तर से सभी संबंधितों को निदेशित करने की कृपा की जाय, ताकि राजस्व संबंधी कार्यों का सुगम क्रियान्वयन किया जा सके।

अनु०- यथोक्त

विश्वासभाजन
ह0/-

(गोपाल मीणा),
सचिव।

ज्ञापांकः-03/स्था0रा0से0(स्थानांतरण-पदस्थापन)-86/2025-531(9)/रा0, पटना-15, दिनांक- 11-03-2026

ई-मेल प्रतिलिपिः- सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार/सभी वरीय उप समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनु०- यथोक्त

11/03/2026

(गोपाल मीणा),
सचिव।